वर्ल्ड ड्राउनिंग प्रिवेन्शन डे

प्रिलिम्स के लिये:

वर्ल्ड ड्राउनिंग प्रिवेन्शन डे

मेन्स के लिये:

भारत में बच्चों के डूबने की आशंका, डूबने से बचाव के लिये प्रभावी उपाय

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भारत में ड्राउनिंग (डूबने) की घटनाओं की चिंताजनक संख्या** , जिनमें एक **महत्त्वपूर्ण अनुपात बच्चों का** है, ने निवारक उपायों की तत्काल आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया है।

- **वर्ल्ड ड्राउनिंग प्रिवेन्शन डे (World Drowning Prevention Day)** की पृष्ठभूमि में ड्राउनिंग के कारण होने वाली **मृत्यु के कारणों को संबोधित करना और रोकथाम हेतु सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक** है जो इन त्रासदियों को रोकने में सहायता प्रदान कर सकते हैं।

वर्ल्ड ड्राउनिंग प्रिवेन्शन डे:

- वर्ल्ड ड्राउनिंग प्रिवेन्शन डे एक वैश्विक कार्यक्रम है जो **डूबने के कारण खोई जिंदगियों को याद करने** के साथ ही **जल और उसके आसपास सुरक्षा के संबंध में जागरूकता बढ़ाने** के लिये **प्रतिवर्ष 25 जुलाई** को आयोजित किया जाता है।
- वर्ल्ड ड्राउनिंग प्रिवेन्शन डे, **अप्रैल 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव** द्वारा **घोषित** किया गया था, जिसने डूबने की घटनाओं की रोकथाम पर संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर कार्यों के समन्वय के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) को आमंत्रित किया था।
- यह दिन महत्त्वपूर्ण है क्योंकि डूबना एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है जिसके कारण पिछले दशक में **2.5 मिलियन से अधिक मौतें** अधिकतर **निम्न और मध्यम आय वाले देशों में** हुई हैं।
- हालाँकि डूबने से होने वाली मानवीय, सामाजिक तथा आर्थिक क्षति असहनीय है, लेकिन इसे पूरी तरह से रोका जा सकता है।
  - डूबने की घटनाओं की रोकथाम के लिये साक्ष्य-आधारित, किफायती रणनीतियों को लागू करके डूबने के खतरे को काफी कम किया जा सकता है।

ड्राउनिंग से संबंधित घटनाओं के आँकड़े:

- **WHO के नवीनतम वैश्विक स्वास्थ्य अनुमान** से संकेत मिलता है कि **वर्ष 2019** में लगभग **2,36,000 लोगों की डूबने या ड्राउनिंग के कारण** मृत्यु हो गई थी।
  - इनमें से **50% से अधिक मौतें 30 वर्ष से कम उम्र के लोगों** की हुई थीं तथा **5-14 वर्ष की आयु के बच्चों की डूबने से होने वाली मृत्यु विश्व भर में होने वाली मौतों का छठा प्रमुख कारण** है।
  - **ड्राउनिंग की सबसे अधिक दर** 1-4 वर्ष की आयु के बच्चों की है। इसके बाद **वैश्विक स्तर पर 5-9 वर्ष की आयु के बच्चे इसमें शामिल** हैं।
- ड्राउनिंग विश्व भर में अनजाने में चोट के कारण होने वाली **मौतों का तीसरा प्रमुख कारण** है जो चोट से संबंधित **सभी मौतों का 7%** है।
- **लड़कियों की तुलना में लड़कों में ड्राउनिंग का खतरा अधिक होता है।**
- **शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में ड्राउनिंग की दर अधिक है।**
- सुरक्षित जल तक सीमित पहुँच के कारण ड्राउनिंग की आशंका बढ़ जाती है।
- **राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार**, भारत में **वर्ष 2021 में डूबने से 36,362 मौतें** हुईं, इनमें बच्चे विशेष रूप से सुभेद्य थे।

ड्राउनिंग का कारण और इसके जोखिम:

- ड्राउनिंग को **तरल पदार्थ में डूबने या डुबाने से श्वसन हानि का अनुभव करने की प्रक्रिया** के रूप में परिभाषित किया गया है।
- डूबने की घटना विभिन्न कारणों से हो सकती है, **जैसे- बाढ़, तूफान, नाव दुर्घटनाएँ, पर्यवेक्षण की कमी, असुरक्षित जल स्रोत या मनोरंजक गतिविधियाँ।**
- डूबने के मुख्य जोखिम कारकों में **उम्र, लिंग, स्थान, जल तक पहुँच, तैराकी की क्षमता, शराब का उपयोग और जागरूकता की कमी** शामिल हैं।
- **तैराकी कौशल और जल सुरक्षा के संबंध में जागरूकता की कमी** डूबने के जोखिम को बढ़ा सकती है।
- शराब के सेवन से निर्णय लेने में कठिनाई होती है और **डूबने की संभावना बढ़ जाती है।**
- डूबने से बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता की कमी सुरक्षात्मक उपायों को कम कर देती है।

ड्राउनिंग से बचाव के लिये कुछ प्रभावी उपाय:

- पहुँच को नियंत्रित करने के लिये **जल निकायों (पूल, कुएँ, तालाब) के चारों ओर अवरोध** स्थापित करना।
- **बच्चों और वयस्कों के लिये जल से दूर सुरक्षित क्षेत्र उपलब्ध** कराना।
- **तैराकी और जल सुरक्षा संबंधी कौशल प्रशिक्षण, विशेषकर उन लोगों को जो जल निकायों के पास रहते हैं या जल से संबंधित गतिविधियों में संलग्न** हैं।
- दर्शकों को सुरक्षित बचाव और पुनर्जीवन तकनीकों की जानकारी देना, जैसे- **हृत्फुफ्फुसीय पुनर्जीवन (Cardiopulmonary Resuscitation- CPR) या मुँह से साँस देने का** प्रशिक्षण।
- लाइफ जैकेट पहनने और उचित रखरखाव सहित **सुरक्षित नौकायन एवं शिपिंग नियमों** को लागू करना।
- **बाढ़ प्रतिरोधी बुनियादी ढाँचे और पूर्व चेतावनी प्रणालियों के साथ बाढ़ जोखिम प्रबंधन में सुधार** करना।

ड्राउनिंग से होने वाली मौतों की रोकथाम हेतु सरकारी पहल:

- **भारत:**
  - भारत सरकार **ने देश में ड्राउनिंग की घटनाओं की रोकथाम की रूपरेखा का मसौदा तैयार करने के लिये एक विशेषज्ञ समिति की स्थापना की है।**
  - **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय** ने फरवरी 2022 में ड्राउनिंग की घटनाओं की रोकथाम को कवर करते हुए एक **'राष्ट्रीय आपातकालीन जीवन सहायता'** प्रदाता पाठ्यक्रम मैनुअल पेश किया।
- **वैश्विक:**
  - **ड्राउनिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिये वैश्विक गठबंधन की स्थापना** 76वीं विश्व स्वास्थ्य सभा की बैठक के दौरान की गई थी।
  - इसका लक्ष्य वर्ष 2029 तक **ड्राउनिंग से संबंधित वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं को दूर करना है।**
  - विश्व स्वास्थ्य संगठन कार्रवाई का समन्वय करेगा और **ड्राउनिंग की घटनाओं पर एक वैश्विक स्थिति रिपोर्ट तैयार करेगा।**

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-drowning-prevention-day